क्रम-संख्या–59 (ख–1)

रजिस्ट्रेशन नम्बर–एस०एस०पी०/एल०डब्लू०/एन०पी०–91/2014–16

लाइसेन्स टू पोस्ट ऐट कन्सेशनल रेट

सरकारी गजट, उत्तर प्रदेश

उत्तर प्रदेशीय सरकार द्वारा प्रकाशित

असाधारण

विधायी परिशिष्ट

भाग–4, खण्ड (ख)

(परिनियत आदेश)

लखनऊ, बृहस्पतिवार, 10 मार्च, 2016

फाल्गुन 20, 1937 शक सम्वत्

उत्तर प्रदेश शासन

नगर विकास अनुभाग–2

संख्या 295/नौ-2–2016-01सीमा विस्तार-14

लखनऊ, 10 मार्च, 2016

अधिसूचना

प0आ0–186

चूँकि उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम, 1916 (उत्तर प्रदेश अधिनियम संख्या 2 सन् 1916) की धारा 4 की उपधारा (1) की अपेक्षानुसार नगर पालिका परिषद् खोड़ा मकनपुर, जनपद गाजियाबाद का गठन करने हेतु लघुत्तर नगरीय क्षेत्र घोषित करने के लिए अधिसूचना जारी करने हेतु आपत्तियाँ और सुझाव आमंत्रित करने की दृष्टि से अधिसूचना संख्या 510/नौ-2–2015-01सीमा विस्तार-14, दिनांक 30 मार्च, 2015 को जारी और दिनांक 30 मार्च, 2015 को गजट में प्रकाशित की गयी थी;

और, चूँकि, कोई भी आपत्ति या सुझाव नियत समय के भीतर नहीं प्राप्त हुई है;

अतएव, अब, उत्तर प्रदेश नगर पालिका अधिनियम, 1916 (अधिनियम संख्या 2 सन् 1916) की धारा 3 के साथ पठित भारत का संविधान के अनुच्छेद 243–थ के अधीन शक्ति का प्रयोग करके राज्यपाल जनसंख्या, जनसंख्या घनत्व, स्थानीय प्रशासन के लिए जनित राजस्व, कृष्येतर कार्यकलापों में सेवायोजन का प्रतिशत और आर्थिक महत्व को ध्यान में रखते हुए अधिसूचित करते हैं कि स्थानीय क्षेत्र, जिसकी सीमा नीचे अनुसूची में विनिर्दिष्ट है, संविधान के भाग-नौ–क के प्रयोजनार्थ लघुत्तर नगरीय क्षेत्र होगा और उक्त लघुत्तर नगरीय क्षेत्र के लिए एक नगर पालिका परिषद् का गठन किया जायेगा, जिसे नगर पालिका परिषद् खोड़ा मकनपुर, जनपद गाजियाबाद के रूप में माना जायेगा।

अनुसूची-क

उत्तर और दक्षिण	ग्राम खोड़ा (आंशिक) के गाटा संख्या	1 से 537, 666 से 668, 166/884, 167/883
पूरब और पश्चिम	ग्राम मकनपुर (आंशिक) के गाटा संख्या	761 से 772, 776 से 780, 782 से 787 और 789, 867 से 871, 909 से 912, 936 से 1025, 1201 से 1207, 1217 से 1273

अनुसूची-दो

नगर पालिका परिषद् खोड़ा मकनपुर, जनपद गाजियाबाद की चौहद्दी

उत्तर–(ग्राम सभा खोड़ा आंशिक)–राष्ट्रीय राजमार्ग 24 का उत्तरी भाग।

दक्षिण–(ग्राम सभा खोड़ा आंशिक)–ग्राम चौड़ा सदतपुर, सेक्टर 62 नोएडा, जनपद गौतमबुद्धनगर की सीमा।

पूरब–(ग्राम मकनपुर आंशिक)–नोएडा विकास प्राधिकरण, सेक्टर 62 की ओर जाने वाली सड़क।

पश्चिम–(ग्राम मकनपुर आंशिक)–दिल्ली प्रान्त, ग्राम घड़ोली की सीमा।

आज्ञा से,
श्रीप्रकाश सिंह,
सचिव।

IN pursuance of the provisions of clause (3) of Article 348 of the Constitution, the Governor is pleased to order the publication of the following English translation of notification no. 295/IX-2–2016-01Seema Vistar-14, dated March 10, 2016 :

No. 295/IX-2–2016-01Seema Vistar-14
Dated Lucknow, March 10, 2016

WHEREAS notification no. 510/IX-2–2015-01Seema Vistar-14, dated March 30, 2015 was issued and published dated March 30, 2015 with in view to inviting objections and suggestion for issuance of notification to declare the smaller urban area for constituting Nagar Palika Parishad Khora Makanpur in district Ghaziabad as required under sub-section (1) of section 4 of the Uttar Pradesh Municipalities Act, 1916 (Act no. II of 1916);

AND, WHEREAS, no objections or suggestions has been received within the stipulated time;

NOW, THEREFORE, in exercise of powers under Article 243-Q of the Constitution *read* with section 3 of the Uttar Pradesh Municipalities Act, 1916 (Act no. II of 1916), the Governor, having regard to the population, the density of population, the revenue generated for the local administration, the percentage of employment in non-agricultural activities and the economic importance, is pleased to notify that the local area the limit of which is specified in the Schedules below, shall be smaller urban area, for the purpose of Part-IX-A of the Constitution and there shall be consituted for the said smaller urban area a Nagar Palika Parishad to be known as Nagar Palika Parishad Khora Makanpur in district Ghaziabad.

SCHEDULE-I

North and South	Plot no. of village- Khora (partial)	From 1 to 537, 666 to 668, 166/884, 167/883
East and West	Plot no. of village- Makanpur (partial)	From 761 to 772, 776 to 780, 782 to 787 and 789, 867 to 871, 909 to 912, 936 to 1025, 1201 to 1207, 1217 to 1273

SCHEDULE-II

Boundaries of Nagar Palika Parishad Khora Makanpur in district Ghaziabad

North–(Village Khora partial)	—	Northern part of National Highway-24.
South–(Village Khora partial)	—	Village Chaura Sadatpur, Sector 62 Noida, border of district Gautambudhanagar.
East–(Village Makanpur partial)	—	Road towards Noida Development Authority, Sector 62.
West–(Village Makanpur partial)	—	Border of village Ghadoli, Delhi State.

By order,
SHREEPRAKASH SINGH,
Sachiv.

पी0एस0यू0पी0–ए0पी0 999 राजपत्र (हि0)–2016–(2330)–599+50=649 प्रतियां (कम्प्यूटर/टी०/आफसेट)।

999 RPH nagar vi. anu-2-16 data 8